दिनांक 22.08.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नागरिकों को स्वच्छता के प्रति और ज्यादा जागरुक करने तथा खुले में शौच नहीं जाने के लिए निगम द्वारा क्षेत्र के शासकीय भवनों के दीवार पर स्वच्छता से संबंधित श्लोगन तथा वाल पेंटिंग कर लोगों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने का संदेश प्रसारित कर रहा है।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर निगम भिलाई का होने वाले द्वितीय स्वच्छता रैंकिंग के मद्दे नजर आयुक्त के0एल0 चौहान ने सभी जोन आयुक्तों को क्षेत्र के सार्वजनिक सुलभ शौचालय, आंगनबाड़ी भवन, शाला भवन, एवं जीई रोड से लगे हुए शासकीय भवनों में स्वच्छता से संबंधित श्लोगन एवं संदेश प्रेरक पेंटिंग किये जाने के निर्देश दिये हैं। जिसके तहत् जोन 04 के सार्वजनिक एवं सामुदायिक सुलभ शौचालय, जोन 01 के वार्ड 01 जुनवानी, जोन 03 कार्यालय भवन के बाउन्ड्रीवाल आदि में स्वच्छता से संबंधित श्लोगन तथा पेंटिंग का कार्य किया गया है।

वहीं निगम क्षेत्र के सभी जोनों में विशेष सफाई अभियान चलाकर नाली की तली से सफाई चौक चौराहों में एकत्रित कचरे को उठाने का कार्य किया जा रहा है। आयुक्त ने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया है कि नाली एवं नाला की सफाई के पश्चात् निकलने वाले कचरे को तत्काल उसी समय हाथ ठेले के माध्यम से उठाया जाये ताकि कचरा दोबारा सड़क पर न फैले।

जन सम्पर्क अधिकारी